No. of Printed Pages : 5

**Subject Code : 24**

**B20-HN (E)**

188789

**2020**

# HINDI (E)

## GROUP – A+B

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 30

Time : 3 hours

*[For Candidates offering as an Elective Subject]*

## GROUP – A

*Full Marks* : 50

*Pass Marks* : 15

Time : 2 hours

*[For Candidates offering in lieu of MIL]*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

Google Play
Download Now!
SEBA/HSLC
পুৰণি
প্ৰশ্ন কাকত
HSLC Question Paper
BELLAL HOSSAIN MONDAL©

## GROUP – A ( खण्ड – क )

( पूर्णांक : 50 )

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1x7=7

(क) भोलाराम के जीव ने कितने दिन पहले देह त्यागी थी ?

(ख) 'मैं अपने ऊपर कुछ भी पड़ा रहने नहीं देती'। यहाँ 'मैं' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(ग) कबीर के अनुसार गुरु कुम्हार है तो शिष्य क्या है ?

(घ) 'साखी' शब्द किस मूल शब्द से विकसित है ?

(ङ) 'कलम और तलवार' शीर्षक कविता के कवि का नाम क्या है ?

(च) 'चिन्मयी शक्ति' का क्या अर्थ है ?

(छ) नरेश मेहता की पठित कविता का नाम क्या है ?

2. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या करो : 5

तेरा साई तुज्झ में, ज्यों पुहुपन में बास।
कस्तूरी का मिरग ज्यों, फिर-फिर ढूँढै घास।

**अथवा**

पोथी पढ़ी-पढ़ी जग मुआ, पण्डित भया न कोय।
ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पण्डित होय॥

BELLAL HOSSAIN MONDAL

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 3x6=18

(क) छोटे जादूगर के चरित्र की किन्हीं तीन विशेषताएँ लिखो।

(ख) श्रीमती के आग्रह पर छोटे जादूगर ने किस प्रकार अपना खेल दिखाया था ?

(ग) 'भोलाराम का जीव' शीर्षक कहानी का उद्देश्य क्या है ?

(घ) 'मैं किसी का भी लक्ष्य नहीं हूँ। सबका उपाय मात्र हूँ।', इस कथन का आशय क्या है ?

(ङ) राम नाम के रस पीने के लिए मीराबाई ने क्यों कहा है ?

(च) 'कलम और तलवार' शीर्षक कविता के आधार पर कलम की शक्ति को रेखांकित करो।

4. देश के नौजवानों के सामने क्या-क्या चुनौतियाँ हैं, 'नींव की ईंट' शीर्षक लेख के आधार पर स्पष्ट करो। 4

अथवा

'हाँ, शहादत और मौन-मूक! समाज की आधारशिला यही होती है।' – इस कथन का आशय स्पष्ट करो।

5. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो : 1x2=2

अँगूठा दिखाना, किताब का कीड़ा होना, पहाड़ टूट पड़ना, हथियार डालना

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के लिंग परिवर्तन करो : ½x4=2

श्रीमान, वधू, बन्दरी, पण्डा, नर, मामा

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के सन्धि-विच्छेद करो : 1x2=2

परमार्थ, यथोचित, स्वागत, अत्यन्त

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के बहुवचन रूप लिखो ½x4=2

चिड़िया, रात, गधा, अध्यापिका, स्त्री, तिथि

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखो : ½x4=2

अमृत, गणेश, मेघ, राजा, मृत्यु, सर्प

(च) निम्नलिखित उपसर्गों और प्रत्ययों को जोड़कर एक-एक शब्द बनाओ : ½x4=2

प्र, अप, ता, ई

(छ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के अनेक शब्दों के स्थान में एक-एक शब्द लिखो : ½x4=2

जो कहा गया है, जो शाक आहार करता है, जो लोक में संभव न हो, आदि से अन्त तक, पढ़ने योग्य, जो पीने योग्य हो, पुत्र का पुत्र

(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करो : 1x2=2

(i) मैंने रोटियाँ खाये हैं।

(ii) उसने बोला था।

(iii) विष्णु के अनेकों नाम हैं।

(iv) कोई अध्यापक जरूर जायेंगे।

BELLAL HOSSAIN MONDAL

## GROUP – B ( खण्ड – ख )

( पूर्णांक : 50)

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1x6=6

(क) राधा किसका नाम है ?

(ख) नीलकंठ को 'परफेक्ट जेंटिलमैन' की उपाधि किन्होंने दी थी ?

(ग) गाँव या गरीब बस्तियों के लिए देवदूत कौन है ?

(घ) 'बच्चन' जी द्वारा लिखी गई किसी एक पुस्तक का नाम लिखो।

(ङ) 'अर्पण कर सर्वस्व मनुज को' – यहाँ कवि का कौन-सा स्वर मिलता है ?

(च) ''पिता के पत्र पुत्री के नाम'' किसकी रचना है ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 3x4=12

(क) नीलकंठ ने चिड़ियाघर के जीव-जन्तुओं के सेनापति का पद कैसे संभाला था ?

(ख) पठित पाठ के आधार पर पत्र की किन्हीं चार उपयोगिताओं को रेखांकित करो।

(ग) 'ले-दे कर जीना, क्या जीना' ? कवि ने यहाँ क्या सन्देश दिया है ?

(घ) प्यालों के टूट जाने पर मदिरालय क्यों पश्चाताप नहीं करता ?

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 4x2=8

(क) नीलकंठ के स्वभाव की विशेषताओं पर प्रकाश डालो।

अथवा

'नीलकंठ' शीर्षक पाठ के आधार पर महादेवी क्या संदेश देना चाहती हैं ? स्पष्ट करो।

(ख) 'जो बीत गई' कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

अथवा

''प्रतिहिंसा भी दुर्बलता है,
पर कायरता अधिक अपावन।''– प्रतिहिंसा और कायरता, इन दोनों के बीच कौन-सा पथ अपनाने का आहवान कवि ने किया है ?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं एक विषय पर निबंध लिखो : 8

(क) प्लास्टिक : मनुष्य का शत्रु

(ख) राजनीति और विद्यार्थी

(ग) जहाँ चाह वहाँ राह

(घ) अपना प्रिय साहित्यकार

BELLAL HOSSAIN MONDAL

10. अपने जन्मदिन के अवसर पर शाम को छ: बजे अपने घर में मित्रों को आने के लिए निमन्त्रण देने हेतु एक निमन्त्रण पत्र की रूपरेखा बनाओ। 5

**अथवा**

अगले सोमवार को गुवाहाटी के चिड़ियाघर देखने के लिए तुम्हारी कक्षा के सब विद्यार्थियों को सामूहिक रूप में मैडम चेतिया महोदया के साथ जाना है। इसकी औपचारिक सूचना देते हुए अपने स्कूल के आचार्य / प्रधान शिक्षक के नाम पर एक प्रार्थना - पत्र लिखो।

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :

विज्ञापन हमेशा प्रभावकारी होते हैं। इसलिए विज्ञापनदाता और उसमें भाग लेने वाले लोगों का सामाजिक दायित्व भी बहुत बड़ा होता है। प्राय: माल बेचने के लिए भ्रामक विज्ञापन दिए जाते हैं अस्वस्थ तथा दूषित माल बेचने के लिए भी आकर्षक सितारों का उपयोग किया जाता है पिछले दिनों एक सितारे से कहा (कहलवाया) गया है कि वे प्रसिद्ध, परन्तु हानिकारक पेयों का विज्ञापन न करें; किन्तु उन्होंने पैसे के लोभ में इसकी जिम्मेदारी सरकार पर डाल दी। वास्तव में विज्ञापन से जुड़े हर व्यक्ति का कर्त्तव्य है कि वह भ्रामक विज्ञापन न छापे। इससे समाज में गलत वस्तुओं और सन्देशों का प्रचार होता है।

**प्रश्नावली :**

(क) विज्ञापन का क्या लक्ष्य होता है? 1

(ख) सितारों को विज्ञापन में क्यों लाया जाता है? 1

(ग) सितारा क्या कहना चाहते हैं? 1

(घ) विज्ञापन करनेवालों का क्या कर्त्तव्य है? 1

(ङ) भ्रामक विज्ञापन से समाज का क्या नुकसान होता है? 1

(च) इस गद्यांश का एक सार्थक शीर्षक दो। 1

12. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद हिन्दी में करो : 1x5=5

(i) Do you know English ?

(ii) Hindi is easier than English to speak

(iii) Hindi is my mother tongue.

(iv) Our National Education Policy is to teach three languages.

(v) She asked, "Shall I go to school today ?"

-o O o-



BELLAL HOSSAIN MONDAL